# अनिता चौधरी हत्याकाण्ड : पांच और आरोपियों को शांतिभंग में पकड़ा

## एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी मुख्य आरोपी गुलामुद्दीन पुलिस की गिरफ्त से बाहर

**जोधपुर, (कासं)।** ब्यूटीशियन अनीता चौधरी हत्याकांड से जुड़े पांच और लोगों को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस उनसे कई दिनों से पूछताछ कर रही थी। फिलहाल पुलिस ने उनकी शांतिभंग में गिरफ्तारी दर्शाई है। इधर अनीता चौधरी के शव का बुधवार को भी निस्तारण नहीं हो सका है। परिजन व समाज के लोग अपनी मांगों को लेकर भगत की कोठी पाली रोड स्थित वीर तेजा मंदिर में बेमियादी धरने पर बैठे हैं। हत्या को करीब एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी मुख्य आरोपी गुलामुद्दीन पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इसके चलते अभी तक शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका है। अब यह मामला जाट समाज के साथ ही सर्व समाज से जुड़ता जा रहा है। इसको लेकर मंगलवार से ही बैठकों का दौर जारी है।

जानकारी के अनुसार पुलिस ने पांच लोगों को शांतिभंग में पकड़ा है। ये लोग ब्यूटीशियन अनीता चौधरी हत्याकांड से जुड़े हो सकते हैं। हालांकि पुलिस अभी भी मौन साधे हुए है। वह मामले में ज्यादा कुछ खुलासा नहीं कर रही है। बताया गया है कि इन सभी लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर कई दिनों से पूछताछ कर रही थी। अनीता मर्डर केस में कई चौंकाने वाली जानकारी पुलिस को मिली है। अनीता और आरोपी गुलामुद्दीन फारूकी व प्रॉपर्टी डीलर तैयब अंसारी के बीच बातचीत होती थी। फोन की सीडीआर से पुलिस के हाथ कई अहम सुराग लगे हैं। आशंका जताई जा रही है कि अनीता की मौत के पीछे प्रॉपर्टी का विवाद भी हो सकता है। ऐसे में अब पुलिस अनीता के नाम जो भी प्रॉपर्टी है, उसकी जानकारी जुटा रही है। पुलिस ने मंगलवार को तैयब अंसारी के कमला नेहरू स्थित घर व सरदारपुरा सी रोड स्थित ऑफिस की जांच की थी। यहां से पुलिस ने मोबाइल, लैपटॉप, कम्प्यूटर, प्रिंटर सहित कई दस्तावेज बरामद किए हैं। जानकारी में यह भी आ रहा है कि पुलिस अंसारी से जुड़े और भी लोगों से इस मामले में पूछताछ कर सकती है। इसमें पाली व जोधपुर के कई प्रतिष्ठित लोग भी शामिल हैं।

- **आशंका जताई जा रही है कि अनीता की मौत के पीछे प्रॉपर्टी का विवाद भी हो सकता है**

**जाट समाज के नेताओं ने जताई नाराजगी :-** इस बीच पहली बार प्रदेश के जाट नेताओं ने भी इस मामले में सरकार से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और जाट समाज के राजा राम मील ने इस मामले में मुख्य आरोपी के पकड़े नहीं जाने को लेकर नाराजगी जताई है। नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने भी इस मामले में जोधपुर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए थे। सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने भी एक्स पर लिखा है कि अनीता चौधरी हत्याकांड राज्य सरकार के लिए निंदनीय एवं शर्मनाक है। प्रदेश की भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री उपचुनाव में व्यस्त हैं, जबकि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। छोटी घटनाओं को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत करने वाली भाजपा सरकार इस जघन्य अपराध पर उदासीन क्यों है? महिलाओं के हितों और सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे करने वाली राज्य सरकार इस अमानवीय घटना पर चुप क्यों है? मुख्यमंत्री का इस पर मौन रहना अत्यंत चिंताजनक है।

वहीं अनीता चौधरी हत्याकांड को लेकर बनाई गई समिति आज आगामी आंदोलन को लेकर निर्णय करेंगी। संभवत: अब जोधपुर बंद का आव्हान हो सकता है। इससे पहले मंगलवार को देर रात तक सर्व समाज की बैठक हुई, जिसमें मारवाड़ राजपूत सभा के हनुमान सिंह खांघटा, भोपालगढ़ के पूर्व विधायक पुखराज गर्ग सहित अन्य समाजों के नेता और जाट समाज के लोग शामिल हुए।

**कई प्रतिष्ठित लोग पुलिस की रडार पर :-** अनीता मर्डर केस की गुत्थी को पुलिस सुलझाने का हर संभव प्रयास कर रही है। अनीता के पति मनमोहन व सहेली सुनीता उर्फ सुमन की कॉल रिकार्डिंग बाहर आने के बाद अब पुलिस की रडार पर कई लोग आ चुके हैं। इसमें कई डॉक्टर, ब्यूटी पार्लर संचालक, पाली के प्रॉपर्टी डीलर, बदमाश, व्यवसायी, कई अधिकारी, राजनेता भी अब पुलिस की रडार पर हैं। बताया यह भी जा रहा है कि पुलिस सबसे पहले पाली के कई लोगों से इस मामले में पूछताछ कर सकती है। पुलिस को शक है कि अनीता की हत्या किसी दूसरे जगह पर की गई है। हत्या से पहले उसे प्रताड़ित भी किया होगा। पुलिस ने गुलामुद्दीन के पूरे घर की सघनता से तलाशी ली है लेकिन वहां से अनीता के खून का एक भी धब्बा नहीं मिला। अनीता की हत्या करने के बाद उसके शव को काटा गया है। इसके बाद भी खून का एक भी धब्बा नहीं मिलना, पुलिस के शक को बढ़ा दिया है।

# पॉवर बाइक पर पुलिस की कार्रवाई, 37 बाइक जब्त

**डूंगरपुर, (निसं)।** कोतवाली और कुंआ थाना पुलिस ने पावर बाइक और बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने 37 बाइक और एक कार को जब्त किया है, जबकि कुंआ पुलिस ने 13 बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

कोतवाली थानाधिकारी भगवानलाल ने बताया कि बिना नंबरी, बिना हेमलेट के साथ ही पावर बाइक के साथ स्टंटबाजी करने वाले बदमाशों पर कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत पुलिस ने शहर के प्रमुख चौराहे, रिंग रोड, बर्ड सेंचुरी रोड पर अलग अलग जगहों पर पावर बाइक को रोककर जांच की। पुलिस ने बिना डॉक्यूमेंट के बाइक ओर स्टंटबाजी करने वाले 32 पावर बाइक को डिटेन किया है।

- **लड़ाई झगड़ा मामले में शांतिभंग में 13 जने गिरफ्तार**

इसी तरह कुंआ थानाधिकारी रामेग पाटीदार ने बताया कि बड़गामा रोड पर बोर माता मोड़ पर कुछ बदमाशों के लड़ाई झगड़ा करने की सूचना मिली थी, जिस पर पुलिस ने शांतिभंग में 13 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। वहीं, उनके पास से 5 बाइक और एक कार को जब्त किया है।

पुलिस ने कांति सैंगाड़ा निवासी कुंडेला, बाबूलाल डामोर निवासी उड़दिया, महेश देवतरा निवासी चिखली, मुकेश डामोर निवासी उदड़ीया, मनोज भगोरा निवासी ढूंढी, रमेश डेंडोर निवासी ढूंढी, शांतिलाल डामोर निवासी बावड़ी, शिवा पारगी निवासी धर्मपुरी, दिनेश भमात निवासी पियोला, विजयपाल भमात निवासी पियोला, केसरामा चौधरी निवासी चिखली, लक्ष्मण डामोर निवासी अंबाडा, दिनेश कटारा निवासी गुंदलारा को गिरफ्तार किया है।

# पात्रता जांच के लिए विचारित सूची जारी की

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा असिस्टेंट एग्रीकल्चर रिसर्च ऑफिसर (कृषि विभाग) संवीक्षा परीक्षा-2022 के तहत पात्रता जांच हेतु प्लांट पैथोलॉजी, बॉटनी व एंटोमोलॉजी के पदों की विचारित सूची जारी की गई है। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आयोग की संयुक्त सचिव ऋषिबाला श्रीमाली ने बताया कि 27 अगस्त 2022 को आयोजित संवीक्षा परीक्षा के फलस्वरूप प्लांट पैथोलॉजी के पदों के लिए 6 एवं बॉटनी के पदों के लिए 6 तथा 28 अगस्त 2022 को आयोजित एंटोमोलॉजी की संविक्षा परीक्षा के फलस्वरूप 26 अभ्यर्थियों को पात्रता जांच हेतु अस्थाई रूप से विचारित सूची में सम्मिलित किया गया है। विचारित सूची चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता सुनिश्चित किये जाने के क्रम में केवल दस्तावेज सत्यापन के उद्देश्य से है तथा यह साक्षात्कार हेतु सफल अभ्यर्थियों की सूची नहीं है। साक्षात्कार हेतु अंतिम रूप से सफल अभ्यर्थियों की सूची दस्तावेज सत्यापन के पश्चात जारी की जायेगी। आयोग द्वारा अभ्यर्थियों की पात्रता जांच विज्ञापन की शर्तों व नियमों के अनुसार की जावेगी। पात्रता की समस्त शर्तें नियमानुसार पूर्ण नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की पात्रता आयोग द्वारा रद्द कर दी जाएगी तथा पात्र पाये गये अभ्यर्थियों में से साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों का परिणाम जारी किया जाएगा। विस्तृत आवेदन पत्र अथवा दस्तावेज सत्यापन के संबंध में अभ्यर्थियों को यथा समय सूचित कर दिया जाएगा।

- **असिस्टेंट एग्रीकल्चर रिसर्च ऑफिसर (कृषि विभाग) संवीक्षा परीक्षा-2022**

# खींवसर में भाजपा जीतेगी : अर्जुनराम मेघवाल

## 'अनिता चौधरी हत्याकांड की निष्पक्ष जांच होगी'

**जोधपुर, (कासं)।** केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि जम्मू कश्मीर में धारा 370 फिर से लागू नहीं होगी। धारा 370 का लगना मतलब देश की एकता और अखंडता को खतरा होगा और यह खतरनाक साबित होगा। वक्फ पर संशोधन किए जाने से मुस्लिम वर्ग को भी फायदा पहुंचेगा। मेघवाल बुधवार को जोधपुर प्रवास पर पहुंचे और एयरपोर्ट पर मीडिया से मुखातिब हुए। वे यहां से सीधे प्रदेश में हो रहे उपचुनाव कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए। केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने अनिता चौधरी हत्याकांड पर कहा कि इसकी निष्पक्ष जांच होगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संज्ञान में यह मामला है।

- **केंद्रीय राज्यमंत्री अर्जुनराम मेघवाल जोधपुर पहुंचे और मीडिया से मुखातिब हुए**

केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों पर कहा कि जम्मू कश्मीर में धारा 370 फिर से लागू नहीं की जाएगी। इस धारा के कारण देश की एकता और अखंडता को खतरा उत्पन्न हो गया था, जिसे हटाया जाना नितांत जरूरी हो गया था। उन्होंने सदन के शीतकालीन सत्र में वक्फ बिल को लेकर कहा कि बिल में संशोधन किया जाना जरूरी है। इसमें संशोधन से मुस्लिम समाज को भी फायदा होगा। इसमें संशोधन से विसंगतियां दूर होगी साथ ही उस पर बना गतिरोध भी समाप्त होगा। उन्होंने कहा कि इसको लेकर विरोधी राजनीति कर रहे है जोकि न्यायसंगत नहीं है।

केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने पत्रकारों के सवाल पर कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार ने संकल्पों को दस माह में पूर्ण किया है, इससे पहले पूर्ववर्ती सरकार ने अपने एजेंडों को भी कभी पूरा नहीं किया था। वे उपचुनाव को लेकर आश्वस्त है कि इस बार उपचुनाव में भी भाजपा जीतेगी। नागौर जिले के खींवसर सीट पर कहा कि सांसद हनुमान बेनिवाल कांग्रेस समर्थक हैं और वे अच्छी तरह जानते हैं। फिर भी खींवसर में भाजपा अपना अच्छा प्रदर्शन कर जीत दर्ज कराएगी। वे उपचुनाव के मद्देनजर प्रदेश में दौरे पर आए हैं, फीडबैक ले रहे हैं।

# सूरत से पहुंचे हाकिम, भांबू को जिताने की अपील की

**झुंझुनूं, (निसं)।** मुनि आश्रम में हुए कार्यक्रम में फेडरेशन आफ सूरत ट्रेड एंड टेक्सटाइल एसोसिएशन फोस्टा के अध्यक्ष व प्रवासी उद्यमी कैलाश हाकिम पहुंचे, जिन्होंने राजेन्द्र भांबू को जिताने की अपील की। इस मौके पर कैलाश हाकिम को उनके सामाजिक कार्यों के लिए व्यापारियों की ओर से सम्मानित किया गया। जानकारी के अनुसार कैलाश हाकिम भी व्यापारी वोटों पर अच्छी पकड़ रखते हैं। वे पिछले दो-तीन दिन से लगातार डोर-टू-डोर जाकर बीजेपी के लिए प्रचार कर रहे हैं। हाकिम ने बताया कि इस बार झुंझुनूं विधानसभा में कमल खिलेगा।

इधर, उप चुनावों में चाहे हनुमान बेनीवाल की पार्टी आरएलपी किसी के साथ गठबंधन नहीं कर रही हो। लेकिन झुंझुनूं में आरएलपी ने भाजपा को समर्थन दे दिया है। झुंझुनूं में आरएलपी संयोजक राजेंद्र फौजी ने आज भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू के साथ सभाओं को संबोधित किया। अपने भाषणों में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू ने भी समर्थन देने पर आरएलपी संयोजक राजेंद्र फौजी का आभार जताया और कहा कि आरएलपी के साथ आने से भाजपा पको मजबूती मिलेगी। झुंझुनूं शहर के पुराना बस स्टैंड पर हुई सभा में राजेंद्र भांबू ने ओला परिवार पर हमला बोलते हुए कहा कि ओला परिवार ने अब तक 19 चुनाव लड़े हैं, लेकिन झुंझुनूं विधानसभा के विकास को कभी भी अहमियत नहीं दी, सिर्फ अपने परिवार के बारे में सोचा। यही कारण है कि मुस्लिम और दलितों को अपना वोट बैंक समझने वाले ओला परिवार ने उप चुनावों में भी अपनी तीसरी पीढी को चुनाव मैदान में उतारा है। ओला परिवार कांग्रेस के उम्मीदवार है। ऐसा नहीं लगता। अब तो यह ईस्ट इंडिया कंपनी बन गई है। उन्होंने इस मौके पर बताया कि नौ नवंबर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आएंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। संभवतया सभा सुलताना में हो सकती है। इधर, इससे पहले सभा को मंत्री अविनाश गहलोत, भाजपा नेता डॉ. कमलचंद सैनी, मुरारी सैनी समेत अन्य ने संबोधित किया।

# सम्मान समारोह आयोजित

**बीकानेर, (निसं)।** पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर रेंज स्तर पर सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़ा अभियान के तहत सुरक्षा सखी सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है। जिसके तहत आज बीकानेर में भी सम्मान समारोह रखा गया। जिसमें बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़ व अनूपगढ़ की सराहनीय कार्य करने वाली 24 सखियों का आईजी ओमप्रकाश द्वारा स्मृति चिन्ह,शॉल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर रेंज स्तर के पुलिस अधीक्षकों के साथ अपराध गोष्ठी का आयोजन भी हुआ। इस मौके पर बीकानेर एसपी कावेन्द्र सिंह सागर ,श्रीगंगानगर एसपी गौरव यादव, हनुमानगढ़ एसपी अरशद अली, अनूपगढ़ एसपी रमेश मौर्य उपस्थित रहे।

# खेत की मिट्टी और पानी की जांच कराने की सलाह

**हनुमानगढ़, (निसं)।** आत्मा परियोजना अंतर्गत रबी फसलों की उन्नत तकनीकी जानकारी देने के लिए बुधवार को नौरंगदेसर में किसान गोष्ठी हुई। कृषि अनुसंधान व कृषि विस्तार अधिकारियों ने रबी फसल में अपनाए जाने वाली शष्य क्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला कृषि अनुसंधान अधिकारी जी. एस. तूर ने किसानों से आग्रह किया कि प्रत्येक किसान अपने खेत की मिट्टी व टयूवबैल पानी की समय-समय पर जांच करवाए। जांच रिपोर्ट के अनुसार मिट्टी को सुधारने की तकनीक के अनुसार कार्यवाही की जाए। खेत की मृदा को स्वस्थ रखने के लिए फसल अवशेषों को नहीं जलाएं। उचित प्रबंधन कर खेत में मिलाकर मिट्टी को अधिक उपजाऊ बनाए।

गोष्ठी में कृषि पर्यवेक्षक रामलाल गोदारा ने कपास फसल की बनछटियों के उचित प्रबंधन की जानकारी दी। सहायक कृषि अधिकारी नरेश कुमार ने कम सिंचाई पानी से पकने वाली फसलों के बारे में बताया। आत्मा परियोजना उपनिदेशक सुभाष चंद्र डूडी ने कहा कि विभाग के प्रशिक्षणों/गोष्ठियों में हिस्सा लें। खेती में आधुनिक तकनीक अपनाकर फसलों की उपज बढ़ाए व अपनी आर्थिक आय में वृद्धि करें। बताया कि डीएपी उर्वरक की आवक कम होने के कारण डीएपी के विकल्प के रूप में बाजार में उपलब्ध अन्य उर्वरक एनपीके, एसएसपी व यूरिया का अधिक से अधिक उपयोग करे।

# जमीन विवाद के चलते बदमाशों ने फायरिंग की

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र की शास्त्रीनगर स्थित नीलकण कॉलोनी में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष पुष्पा सुराणा के घर पर जमीन विवाद के चलते बदमाशों ने फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि गोली किसी को नहीं लगी, फिलहाल पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

पुष्पा सुराणा ने बताया कि उनके घर पर पिछले लंबे समय से दूध देने का काम करने वाले बालू जाट ने उन्हें दांथल गांव में एक जमीन के बारे में बताया। उसकी बताई जमीन का सौदा उन्होंने किया, जिसके बाद आज जब मौके पर नपती करवाने गए उसे दौरान बालू ने घर पर आकर बात करने के लिए कहा तो सुराणा के पति विद्यासागर सुराणा और उनके बेटे अतुल ने उसे घर आने और बैठकर बात करने के लिए बोला तो इस पर वह अपने चार साथियों के साथ घर पर आया और परिवार के लोगों से बहस करने लगा। इस दौरान उनमें शामिल एक युवक ने बंदूक निकालकर फायर कर दिया। गनीमत रही कि निशाना चूक गया और गोली कमरे की छत पर जा लगी। अचानक एकाएक हुई फायरिंग से परिवार सदमे में आ गया और कॉलोनी में हड़कंप मच गया।



पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाये।

- **गनीमत रही कि निशाना चूक गया और गोली कमरे की छत पर जा लगी**
- **कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष पुष्पा सुराणा के घर पर हुई फायरिंग, कोई जनहानि नहीं हुई**

परिवार की चीख-पुकार की आवाज सुनकर क्षेत्रवासी इक्कठा हो गए और बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह मौके से भाग छूटे। इसके बाद घटनाक्रम की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी गई, जिस पर कोतवाली थाने का जाब्ता मौके पर पहुंचा और एफएसएल टीम की मदद से आरोपियों के खिलाफ सबूत जुटाते हुए उनकी तलाश शुरू कर दिए।

# डॉक्टर बन जारी कर रहे थे हेल्थ फिटनेस प्रमाण पत्र

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** पुलिस ने जब छापा मारा तो आरोपियों के पास न तो कोई पैथोलॉजी लैब थी न कोई उपकरण थे न ही कोई मशीन आदि थे जिससे जांच कर किसी व्यक्ति को स्वास्थ्य की दृष्टि से फिट घोषित किया जाए। इसके बावजूद आरोपी हर लाइसेंस रिन्यू करवाने वाले व्यक्ति से फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने के रुपए ले लेकर मुहर लगा प्रमाण पत्र जारी करते मिले। इस मामले की गहराई तक जांच की जाकर सभी को पकड़ा जाएगा।

एसएचओ रमेश न्यौल के मुताबिक आरोपी किसी डॉक्टर हरीश मेहता के नाम की मुहर बनाकर प्रमाण-पत्र जारी करते मिले हैं। ये डॉक्टर हरीश मेहता कौन हैं, कहां के हैं, हैं भी या फर्जी नाम इस्तेमाल किया जा रहा था। इन सभी सवालों के जवाब के लिए आरोपियों को बुधवार को कोर्ट में पेशकर रिमांड पर लिया जाएगा। आरोपियों के पास स्वास्थ्य जांच करने की खुद की कोई डिग्री, डिप्लोमा कुछ भी नहीं है। डीटीओ ऑफिस के बाहर दो युवकों को फर्जी स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र जारी करते पकड़ा गया है। इन फर्जी डॉक्टरों के जारी किए गए सैकड़ों प्रमाण-पत्रों पर लाइसेंस रिन्यू किए जा चुके हैं जो बड़ी चिंता की बात है। सदर पुलिस ने आरोपियों को काबू कर उनके खिलाफ देर रात मुकदमा दर्ज किया है। इसकी जांच एएसआई धर्मवीर मीणा को सौंपी गई है। एसपी गौरव यादव ने बताया कि एसआई सुनीलकुमार को डीएसबी सेल के कांस्टेबल प्रवीणकुमार से सूचना मिली थी। इसके आधार पर डीटीओ ऑफिस के बाहर से आरोपी मनोहर शर्मा पुत्र अर्जुनलाल, विनोद कुमार पुत्र रामप्रकाश को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से डॉक्टर हरीश मेहता के नाम से बनाई गई मुहर से फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी किए जाते पकड़े गए हैं।

# उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट रद्द

## श्रीगंगानगर निवासी ने नोकिया का फोन खरीदने के बाद तकनीकी खराबी की शिकायत की थी

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने नोकिया सॉल्यूशंस एंड नेटवर्क्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय मलिक के खिलाफ श्रीगंगानगर जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट को रद्द कर दिया है। यह फैसला संजय मलिक की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान जस्टिस अरुण मोंगा ने दिया।

श्रीगंगानगर निवासी पंकज सिंह ने नोकिया का एक फोन खरीदने के बाद उसमें तकनीकी खराबी की शिकायत की थी। इस शिकायत पर श्रीगंगानगर उपभोक्ता आयोग ने 26,999 रुपए के मोबाइल की खराबी को लेकर आदेश दिया था। हालांकि, नोकिया सॉल्यूशंस एंड नेटवर्क्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का इस मोबाइल के निर्माण या बिक्री से प्रत्यक्ष संबंध नहीं था। कंपनी ने 2014 में अपना मोबाइल निर्माण व्यवसाय माइक्रोसॉफ्ट को बेच दिया था और बाद में 2016 में यह व्यवसाय एचएमडी ग्लोबल को हस्तांतरित हो गया। फिर भी, जिला उपभोक्ता आयोग ने संजय मलिक के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। मलिक की ओर से वरिष्ठ वकील विनीत जैन और वकील विवेक माथुर ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। दोनों अधिवक्ताओं ने अदालत के सामने तर्क दिया कि पंकज सिंह को कंपनी की ओर से पूरा मुआवजा दिया जा चुका है और पंकज सिंह ने स्वयं आयोग में आवेदन देकर मामले को वापस लेने की बात कही थी। वकील ने बताया कि इस विवाद में संजय मलिक या उनकी कंपनी का कोई प्रत्यक्ष या कानूनी संबंध नहीं था, क्योंकि एचएमडी ग्लोबल अब नोकिया ब्रांड के तहत फोन का समर्थन करता है। जस्टिस अरुण मोंगा ने याचिकाकर्ता के वकीलों के तर्कों को स्वीकार करते हुए कहा कि जब उपभोक्ता और कंपनी के बीच मामला सुलझा लिया गया है, तो आयोग को इस मामले में किसी अधिकारी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी नहीं करना चाहिए। इसके बाद अदालत ने संजय मलिक के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट को रद्द करते हुए उपभोक्ता आयोग में चल रही सभी प्रक्रियाओं को समाप्त करने का आदेश दिया।

# नर्सिंग छात्रा ने घर पर फांसी लगा सुसाइड किया

**जयपुर।** रामगंज थाना इलाके में एक नर्सिंग की छात्रा ने सुसाइड किया है। पुलिस के अनुसार बैरवा बस्ती निवासी वर्षा बंशीवाल पुत्री रामबाबू बंशीवाल ने घर पर फांसी का फंदा लगा लिया। घटना के दौरान परिजन बाजार गए हुए थे। वापस आए तो कमरे का दरवाजा बंद मिला।

परिजनों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जबाब नहीं आया। इस पर परिजनों ने खिड़की से झांककर देखा तो वह साड़ी के फंदे से लटकी मिली। इस पर पुलिस को सूचना दी। मृतका एसएमएस नर्सिंग कॉलेज की तृतीय वर्ष की छात्रा थी। पुलिस सुसाइड के कारणों का पता लगा रही है। मृतका के पास एक सुसाइड नोट भी मिला है, लेकिन उसमें कहीं पर भी मौत के कारण नहीं लिखे है।

# मेड़ता शहर में एक साथ उठे तीन शव, माहौल गमगीन हुआ

## जोधपुर में हुई दुर्घटना में मां, पत्नी व पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई थी

**मेड़ता सिटी, (निसं)।** मेड़ता शहर में एक साथ तीन शव उठे। मृतकों का बुधवार को मेड़ता में अंतिम संस्कार किया गया। एक साथ एक ही परिवार के तीन शव उठने से पूरे शहर में गम का माहौल है। सेन समाज द्वारा समाज के नागरिकों की आकस्मिक दुर्घटना से मौत होने पर बुधवार को मेड़ता पट्टी सेन समाज द्वारा अपने अपने प्रतिष्ठान बंद कर के श्रद्धांजलि दी। मेड़ता शहर के एक परिवार के साथ जोधपुर के बोरानाडा के पास मंगलवार को एक भीषण ट्रक व कार दुर्घटना हुई, जिसमें मां, पत्नी व पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पिता व पुत्री चिकित्सालय में गंभीर रूप से घायल है।

- **मेड़ता विधायक ने जिला कलेक्टर को उचित मुआवजे को लेकर निर्देश दिये**



मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरू मौके पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना प्रदान की।

जोधपुर में ट्रक व कार की भीषण टक्कर हुई जिसमें मेड़ता निवासी रमेश सेन, पार्वती सेन व इंदिरा सेन की मौके पर ही मौत हो गई। शवों के जोधपुर से मेड़ता पहुंचने पर मेड़ता सेन समाज के साथ मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरू मौके पर पहुंचे और परिजनों और समाजजनों को सांत्वना प्रदान की। वहीं जिला कलेक्टर अरुण कुमार पुरोहित से दूरभाष पर वार्ता कर पीड़ित परिवार को नियमियानुसार मुआवजा देने की मांग की। इस मौके पर गौतम टांक, दिलीप टांक, दशरथ सारस्वत, हरीश सोनी, विष्णु प्रजापत, राजू माली, महेश सेन, नवरतन सेन सहित सेन समाज सहित मेड़ता के नागरिकों ने अंतिम संस्कार में श्रद्धांजलि दी।

# राइजिंग इन्वेस्टर मीट आज

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिला स्तरीय राइजिंग इन्वेस्टर मीट गुरुवार को होगी। जिला कलेक्टर डॉ. मंजू ने बताया कि इसमें कई निवेशकों के आने की संभावना है। निवेश को लेकर उद्यमियों में उत्साह है। जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट के लिए अभी तक 227 एमओयू के प्रस्ताव प्राप्त हुए है। इनसे 3051 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश आएगा और 5600 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार एवं 8293 लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

कलेक्टर ने बताया का जिला स्तरीय मीट में जिले के प्रभारी मंत्री सुमित गोदारा, सांसद कुलदीप इंदौरा, जिले के विधायक, प्रभारी सचिव, संभागीय आयुक्त, औद्योगिक संघों के पदाधिकारी, निवेशक, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी सहित उद्योग से जुड़े लोग मौजूद रहेंगे। किन्नू एवं मस्टर्ड ऑयल सहित विभिन्न इकाइयों की स्टॉल प्रदर्शनी लगाई जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि सभी एमओयू राज निवेश पोर्टल के जरिए होंगे। इससे उनके क्रियान्वयन की उच्च स्तर पर निगरानी हो सकेगी। सोलर प्लांट, होटल एवं रिसोर्ट, बॉयो एनर्जी, चिकित्सा, सीड ग्रेडिंग प्रोजेक्ट, सीड प्रोसेसिंग, बॉयो फ्यूल, कृषि संसाधन, शिक्षा, कोल्ड स्टोरेज, मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट, कॉटन फैक्ट्री, वेयरहाउस, किन्नू प्रोसेसिंग, मस्टर्ड ऑयल, स्किल एंड वोकेशनल ट्रेनिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए प्रस्ताव मिले हैं।